दैनिक जागरण
२२-११-२०२५

कंप्यूटर नेटवर्किंग पर कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिए टिप्स

जागरण संवाददाता ● **अंबाला:** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में कंप्यूटर नेटवर्किंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल को नेटवर्किंग के निरंतर विकसित होते क्षेत्र में सुधारना था। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता उमाकांत गांधी रहे।

उन्होंने नवीनतम नेटवर्किंग अवधारणाओं, तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला की शुरुआत डा. सुरजीत सिंह के स्वागत संभाषण के साथ हुई, जिन्होंने आज की तकनीकी युग में नेटवर्किंग कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रो. नीलम एवं प्रो. उपिंदर ने

● **कार्यशाला में छात्रों को नवीनतम नेटवर्किंग अवधारणाओं, तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया**

कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के इंटरएक्टिव सत्र ने छात्रों को विशेषज्ञ के साथ संवाद करने, बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने और अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान किया। कार्यशाला का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ जिसमें वक्ता, विभाग के सभी सदस्य एवं प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। इसी तरह कालेज में अनुसंधान क्रियाविधि पर दो दिवसीय वर्कशाप का समापन भी किया गया। इसका आयोजन कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा सीआरसी यूनिट के सहयोग से किया गया ।



जीएमएन कालेज अंबाला छावनी में वर्कशाप के दौरान शामिल विद्यार्थी और संबोधित करता वक्ता। ● सौजन्य विज्ञप्ति

दैनिक जागरण
२२-११-२०२५

कंप्यूटर नेटवर्किंग पर कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिए टिप्स

जागरण संवाददाता ● अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में कंप्यूटर नेटवर्किंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल को नेटवर्किंग के निरंतर विकसित होते क्षेत्र में सुधारना था। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता उमाकांत गांधी रहे।

उन्होंने नवीनतम नेटवर्किंग अवधारणाओं, तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला की शुरुआत डा. सुरजीत सिंह के स्वागत संभाषण के साथ हुई, जिन्होंने आज की तकनीकी युग में नेटवर्किंग कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रो. नीलम एवं प्रो. उपिंदर ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के इंटरएक्टिव सत्र ने छात्रों को विशेषज्ञ के साथ संवाद करने, बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने और अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान किया। कार्यशाला का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ जिसमें वक्ता, विभाग के सभी सदस्य एवं प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। इसी तरह कालेज में अनुसंधान क्रियाविधि पर दो दिवसीय वर्कशाप का समापन भी किया गया। इसका आयोजन कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा सीआरसी यूनिट के सहयोग से किया गया।

● कार्यशाला में छात्रों को नवीनतम नेटवर्किंग अवधारणाओं, तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया



जीएमएन कालेज अंबाला छावनी में वर्कशाप के दौरान शामिल विद्यार्थी और संबोधित करता वक्ता। ● सौजन्य विज्ञप्ति